# जवाहरलाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर
## सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग

**प्रेषक :डॉ. बी.एस. द्विवेदी**
**सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी**


**क्रमांक–96**
**दिनांक–17.10.2025**

# जनेकृविवि में बहुउद्दशीय भू परिदृश्य (आई. डब्ल्यू. एम. आई.) परियोजना अंतर्गत दो दिवसीय मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण प्रारंभ

**जबलपुर 17 अक्टूबर, 2025।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की प्रेरणा से बहुउद्देशीय भू परिदृश्य (आई. डब्ल्यू. एम. आई.) परियोजना अंतर्गत कृषकों की सतत् आजीविका के लिए एकाधिक उद्यमों से क्षमता निर्माण हेतु मधुमक्खी पालन पर दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन संचालक शिक्षण डॉ. अभिषेक शुक्ला के मुख्यआतिथ्य एवं समन्वित कृषि प्रणाली, सस्य विज्ञान विभाग, की विभागाध्यक्ष डॉ. नम्रता जैन के निर्देशन में आयोजित किया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्यअतिथि संचालक शिक्षण डॉ. अभिषेक शुक्ला ने मधुमक्खी पालन को कृषकों को एक व्यवसाय के रूप में अपनाने की सलाह दी। अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय,जबलपुर डॉ. अनिता बब्बर ने मधुमक्खी पालन से मिलने वाले विभिन्न उत्पादों को शहद, मोम इत्यादि की जानकारी दी। विभागाध्यक्ष डॉ. नम्रता जैन ने परियोजना की गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

कीट शास्त्र वैज्ञानिक डॉ. आर. एस. मरावी एवं मधुमक्खी पालन विशेषज्ञ मनोज पटेल ने मधुमक्खी पालन बक्से, फ्रेम्स तथा शहद निष्कासन प्रक्रिया पर विस्तार से प्रकाश डाला।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में मंडला जिले के नारायणगंज ब्लाक के कोन्ड्रामाल एवं चिरई डोंगरी ग्रामों के 15 कृषक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

उक्त कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन डॉ. विकास गुप्ता द्वारा किया गया।

इस अवसर पर डॉ. आरती श्रीवास्तव, श्री राकेश मोबिया, दीपक सिंह मार्को, ज्योति कुशवाहा एवं सुदामा यादव आदि उपस्थित रहें।